षोडश

बिहार विधान सभा

त्रयोदश सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 14 आषाढ़, 1941 (श०) / 05 जुलाई, 2019 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 03

(1) स्वास्थ्य विभाग	.. ..	03
	कुल योग —	03

बीमारी की रोक-थाम

5. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विगत 10 वर्षों से प्रतिवर्ष गर्मी के मौसम में मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, सीतामढ़ी, शिवहर सहित मुजफ्फरपुर के आस-पास के अन्य जिलों में मस्तिष्क रोग के प्रकोप से सैकड़ों बच्चों की मौत होती रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस बार भी मुजफ्फरपुर एवं इसके आस-पास के जिलों में मस्तिष्क रोग के प्रकोप से अभीतक 70 बच्चों की मौत हो चुकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित बीमारी की रोक-थाम के लिये आवश्यक कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चाईल्ड केयर रूम की व्यवस्था

6. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा Programme for promotion of breast feeding के तहत MAA (Mothers Absolute Affection) योजना 2016 के तहत सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को सभी सार्वजनिक स्थानों पर Child Care Room की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है ताकि नवजात शिशुओं की माताएँ बगैर शर्मिंदगी के स्तनपान करा सकें परंतु अभीतक राज्य के किसी भी सार्वजनिक स्थल पर Child Care Room की व्यवस्था नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सभी सार्वजनिक स्थलों पर Child Care Room की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों की नियुक्ति

7. श्री अवधेश कुमार सिंह--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 जून, 2019 को प्रकाशित शीर्षक ''लू से दूसरे दिन भी 120 लोगों की मौत'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में भीषण गर्मी और लू के कहर से औरंगाबाद, नवादा, पटना, रोहतास, पूर्वी बिहार, गया, जहानाबाद, बक्सर एवं भोजपुर जिलों में 120 लोगों की मौत हो गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी के कारण अस्पतालों में ससमय मरीजों का इलाज नहीं होने के कारण लू से मौत हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक आबादी के अनुपात में चिकित्सकों की भर्ती एवं आम जनता को लू से बचाने के लिये कौन-सा आवश्यक कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 5 जुलाई, 2019 (ई0) ।

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0 28(एल0ए0), 2019-20-डी0टी0पी0-550